# अध्याय - 7 | राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की जीवन रेखाएँ

**QUIZ PART-02**

1. **भारत में पहली रेलगाड़ी किस वर्ष मुंबई और ठाणे के बीच चलाई गई थी?**
   A. 1845 B. 1853
   C. 1860 D. 1872 (B)

*व्याख्या :* भारत में पहली रेलगाड़ी वर्ष 1853 में मुंबई और ठाणे के बीच 34 किलोमीटर दूरी पर चलाई गई थी।

2. **कौन-सा क्षेत्र रेलवे नेटवर्क के विकास के लिए सबसे अनुकूल स्थितियों वाला है?**
   A. पश्चिमी घाट
   B. उत्तरी मैदान
   C. हिमालय पर्वतीय क्षेत्र
   D. दक्कन का पठार (B)

*व्याख्या :* उत्तरी मैदानों में समतल भू-आकृति, सघन जनसंख्या और संपन्न कृषि जैसे कारणों से रेलवे विकास के लिए उपयुक्त क्षेत्र है।

3. **भारत की पहली क्रॉस-कंट्री गैस पाइपलाइन कौन-सी है?**
   A. असम-कानपुर पाइपलाइन
   B. मुंबई हाई पाइपलाइन
   C. हजीरा–विजयपुर–जगदीशपुर (HVJ) पाइपलाइन
   D. मथुरा-दिल्ली पाइपलाइन (C)

*व्याख्या :* हजीरा–विजयपुर–जगदीशपुर पाइपलाइन भारत की पहली क्रॉस-कंट्री गैस पाइपलाइन है, जिसकी लंबाई लगभग 1700 किमी है।

4. **भारतीय रेलवे कितने जोनों में विभाजित है?**
   A. 12 B. 15
   C. 17 D. 20 (C)

*व्याख्या :* भारतीय रेलवे को 17 प्रमुख रेलवे जोनों में विभाजित किया गया है, जो देश के अलग-अलग हिस्सों में परिचालन करते हैं।

5. **रेलवे निर्माण में सह्याद्रि को किसके माध्यम से पार किया जा सकता है?**
   A. नदी पुलों के माध्यम से
   B. छोटे पहाड़ों के सहारे
   C. घाट या दर्रों के माध्यम से
   D. केवल हेलिकॉप्टर से (C)

*व्याख्या :* सह्याद्रि पर्वत को पार करने के लिए रेलवे लाइन घाटों या दर्रों का सहारा लेती है।

6. **पाइपलाइनों के माध्यम से किस प्रकार के पदार्थों का परिवहन किया जा सकता है?**
   A. केवल पानी
   B. केवल गैस
   C. तरल अवस्था वाले पदार्थ
   D. ठोस वस्तुएँ

(C) *व्याख्या :* पाइपलाइनों के माध्यम से तरल अवस्था में बदले गए ठोस पदार्थ, तेल, पेट्रोलियम उत्पाद और गैस का परिवहन संभव होता है।

7. **कोंकण रेलवे किस तट के साथ विकसित की गई है?**
   A. पूर्वी तट B. पश्चिमी तट
   C. उत्तर भारत D. दक्कन पठार (B)

*व्याख्या :* कोंकण रेलवे भारत के पश्चिमी तट के साथ विकसित की गई है और यह यात्रा और माल परिवहन को सुगम बनाती है।

8. **बड़ी लाइन गेज की चौड़ाई कितनी होती है?**
   A. 1.000 मीटर
   B. 0.762 मीटर
   C. 1.676 मीटर
   D. 0.610 मीटर (C)

*व्याख्या :* भारतीय रेलवे की बड़ी लाइन गेज की चौड़ाई 1.676 मीटर होती है, जो सबसे सामान्य और व्यापक उपयोग में है।

9. **असम के तेल क्षेत्रों से कानपुर तक की पाइपलाइन किन स्थानों से होकर जाती है?**
   A. मथुरा, जयपुर, दिल्ली
   B. गुवाहाटी, बरौनी , इलाहाबाद
   C. पटना, वाराणसी, इंदौर
   D. रांची, भोपाल, मेरठ (B)

*व्याख्या :* असम से कानपुर तक की पाइपलाइन गुवाहाटी, बरौनी और इलाहाबाद से होकर गुजरती है।

10. **पाइपलाइन के उपयोग का एक मुख्य लाभ क्या है?**
    A. यह महंगा होता है
    B. इसमें समय अधिक लगता है
    C. परिवहन लागत न्यूनतम होती है
    D. इसमें बहुत अधिक जनशक्ति लगती है (C)

*व्याख्या :* पाइपलाइन लगाने की प्रारंभिक लागत अधिक होती है, लेकिन इसके संचालन की लागत बहुत कम होती है।

DESH KA APNA SCHOOL